SUNDAY | 12.10.2025 | कार्तिक कृष्ण-षष्ठी
विक्रम संवत-2082

उत्तर प्रदेश

# अमर उजाला

महानगर वर्ष 57 | अंक 266 | पृष्ठ : 22+6 | मूल्य : सात रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO : 08 MIDDLE

## संगोष्ठी में 94 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट साइंस की ओर से आयोजित दो दिवसीय पंचम अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। मुख्य अतिथि महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड, रुद्रपुर के प्लांट हेड धर्मेंद्र कुमार उपस्थित रहे। ऑनलाइन माध्यम से सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, आईआईटी, रुड़की के वरिष्ठ साइंटिस्ट डॉ. ताबिश आलम ने मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता की। कॉन्फ्रेंस के संयोजक प्रो. सौरभ गुप्ता ने संगोष्ठी की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसमें कुल 94 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए और सात तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र कुमार, डॉ. ताबिश ने इन्फ्रास्ट्रक्चर को एआई से बेहतर बनाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। समारोह के अंत में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रत्येक ट्रैक में से प्रथम एवं द्वितीय सर्वश्रेष्ठ पेपर की घोषणा की गई। इस दौरान ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, प्रो. अनुज कुमार, डॉ. दानिश चिश्ती, डॉ. ऋतु सिंह, डॉ. दीपक बत्रा, डॉ. शोभित सक्सेना आदि मौजूद रहे। संवाद



अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मौजूद विद्यार्थी और अतिथि। स्रोत : संस्थान